



# दिव्यांग बच्चों को बांटे गर्म वस्त्र



बहरोड़ @ पत्रिका. कस्बे में मधन स्पेशल स्कूल तथा रिहेबिलिटेशन सेंटर के दिव्यांग बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए। सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि 30 दिव्यांग बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरित किए गए। वस्त्र पाकर दिव्यांग बच्चे खुश नजर आए। इस दौरान बसंती यादव, पीयूष गोस्वामी, कर्मवीर यादव, शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, कुलदीप यादव, अंकित सैन, कृष्ण कुमार सहित अभिभावक व दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।


26 जनवरी 2024
75वां गणतन्त्र दिवस
समय - प्रातः 9.00 बजे
श्री सीताराम यादव
I LOVE INDIA
my INDIA

दैनिक भास्कर
कोटपूतली-बहरोड़ भास्कर 19-10-2023

# जरूरतमंद लोगों को घरेलू सामान वितरित



बहरोड़| मंथन फॉउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट सदस्यों ने बुधवार को सेवा प्रकल्प श्रृंखला के तहत मजदूर बस्ती के लोगों को कपड़े, खिलौने व बैग सहित अन्य सामान वितरित किया। ट्रस्ट सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि झुग्गी झोपड़ी के बच्चों के साथ केक काटकर ट्रस्ट का स्थापना दिवस मनाया। दीपावली पर्व की सफाई के दौरान निकला पुराना घरेलु सामान भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, अंकित सैन, सांत्वना जेना, कुलदीप यादव उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
बहरोड़/कोटपूतली भास्कर
29-02-2024

# दिव्यांग बच्चों ने आशीष कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए



बहरोड़. दिव्यांग स्कूल में वृद्ध जनों का सम्मान करते हुए।

बहरोड़| मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के दिव्यांग निशुल्क विद्यालय में बुधवार को आशीष कार्यक्रम आयोजित हुआ। सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि सीआईएसएफ कमांडेंट एम. के. वर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजराज यादव, कनिष्ठ सहायक शशिकांत, वरुण कुमार यादव रहे। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। वृद्धजन व बच्चों की खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, डॉ. पीयूष गोस्वामी, नम्रता यादव, राजेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र शेखावत, अंकित सेन, शालिनी शर्मा, कुलदीप यादव, सरिता, शकुंतला जैन आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
बहरोड़-नीमराना भास्कर
28-08-2023

# दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया



बहरोड़. दिव्यांग बच्चो के साथ जन्मदिन मनाते हुए।

बहरोड़| लियो क्लब द्वारा मंथन फाउंडेशन दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र पर लियो अमित शर्मा के सुपुत्र लक्ष्य शर्मा का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। बच्चों ने सभी लियो साथी और महिला साथी को राखी के उपलक्ष्य में सभी को राखी बांध कर मनाया। जन्मदिवस पर बच्चों को जूते व जुराब वितरित किए गए। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने आभार जताया। इस दौरान लियो सचिव संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लोकेश अग्रवाल, अरविंद यादव, राकेश शर्मा, अमित शर्मा, संदीप यादव, रोशन अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अंकित छिल्लर, अंकित अग्रवाल, विनय गुप्ता, रोहित अग्रवाल, केतन यादव, भुवनेश अग्रवाल मौजूद रहे।


15 अगस्त 2023
स्वतन्त्रता दिवस
76वीं वर्षगांठ
के उपलक्ष्य में
Manthan Special School
Behror

## शिविर में युवाओं ने किया 72 यूनिट रक्तदान

# 'रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बहरोड़** . मंथन फ़ाउंडेशन ने सोमवार को प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने रक्तदाताओं का हौंसला अफजाई किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा दान है जिसमें ना केवल बिना कुछ खर्च किए किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। बल्कि नियमित रक्तदान स्वास्थ्य के लिए भी फ़ायदेमंद है। इस अवसर पर



शिविर में रक्तदाओं का सम्मान करते अतिथि।

उन्होंने मंथन फ़ाउंडेशन के दिव्यांगता के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। विशिष्ट अतिथि सीआईएसएफ कमांडेंट एमके वर्मा रहे। रक्त संग्रहण राठ ब्लड बैंक की टीम ने किया।

मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर ने बताया की प्रथम रक्तदान शिविर में युवक-युवतियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 72 यूनिट के लगभग रक्त संग्रहण किया गया। सभी रक्तदाताओं को मंथन ने हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में सहयोगी संस्था के प्रभारियों अनिल राव, सामाजिक मंच से कपिल खंडेलवाल व राकेश जयपाल को फ़ाउंडेशन के सदस्यों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मंथन संस्थापक डॉ पीयूष गोस्वामी एवं मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने सभी रक्तदाताओं को साधुवाद दिया। रक्तदान शिविर में पार्षद अनिल यादव, सुनील सैनी, संजय सेठ उपाध्यक्ष अनाज मंडी, महेश सेठ, हंसराज, विकास यादव, गुलशन वशिष्ठ, भीम यादव, विकास मीर, प्यारेलाल सैनी, विकास यादव, अंकित सेन, जितेंद्र शर्मा, शालिनी शर्मा, लाला मीर, अरविन्द गोस्वामी, सुषमा गोस्वामी, भावना अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण, शिक्षा एवं पुनर्वास के लिए एकत्रित की गई सहायता राशि

भास्कर न्यूज | बहरोड़

मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को दिव्यांग बच्चों सहायक उपकरण बांटकर शिक्षा एवं थेरेपी के लिए सहायता राशि जुटाई। मंथन कार्यालय पर आयोजित दान संग्रहण की शुरुआत सीआईएसएफ कमांडेंट एमके वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

इकाई अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी ने दिव्यांग मोनिका को व्हीलचेयर एवं दिव्यांग राकेश और संदीप को बैसाखी दी। भामाशाह रेणु गोयल ने 20 बच्चों को जैकेट दी। फाउंडेशन की राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि दान शिविर में 97 हजार 674 रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, कुलदीप यादव, अंकित सैन, नम्रता यादव, छगन लाल, नेहा जैन, रोहित जैन, सजन गोयल, संतोष गोयल, रामसिंह गुर्जर टीम, देवेंद्र निमोरिया ने सहयोग किया।



मंथन फाउंडेशन के शिविर में दिव्यांगों को सहायक उपकरण देते हुए।

# विशेष योग्यजन कल्याण दिवस मनाया, दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी

भास्कर न्यूज़ | बहरोड़

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला स्तरीय विशेष योग्यजन कल्याण दिवस कार्यक्रम मंथन स्पेशल स्कूल में हुआ।

कार्यक्रम का ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह यादव एवं छात्रावास अधीक्षक देवेंद्र सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के अन्तर्गत किया गया। मंथन द्वारा संचालित विशेष विद्यालय एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों द्वारा



बहरोड़. दिव्यांग बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करते हुए।

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। जिन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर मनोबल बढ़ाया गया। बच्चों को यूनिफार्म एवं शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव ने बताया कि विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सुखद दांपत्य, आस्था योजना इत्यादि की जानकारी दी। मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बहरोड़ इकाई अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी, अंकित सेन, कुलदीप यादव, शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए आशा का इंद्रधनुष कार्यक्रम आयोजित

**एनसीआर संदेश**




**अलवर।** एनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराणा के डीन मेजर जनरल ए.के. सिंह के सानिध्य में यूनिवर्सिटी के इंटीग्रेटेड बीबीए, एमबीए एवं बीटेक के छात्र छात्राओं द्वारा यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित फ़ेस्ट में मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए एक कैंपेन आयोजित किया गया।

मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने नई जनरेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए इस अनूठी पहल के प्रशंसा करते हुए बताया कि सिनुसॉइड कार्यक्रम के अंतर्गत सपनों का इंद्रधनुष कैंपेन चलाया गया जिसमें यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं द्वारा बच्चों के लिए स्टेशनरी, खिलौने, टीशर्ट एवं खाने पीने का समान इकट्ठा किया गया एवं शुक्रवार को बच्चों को यूनिवर्सिटी कैंपस में बुलाया गया। जहां यूनिवर्सिटी स्टाफ और कैंपस के छात्र छात्राओं ने दिव्यांग बच्चों के साथ पूरा दिन बिताया। जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों के साथ नाच गाना किया बच्चों को ख़ाना खिलाया एवं उनके अनुभव साझा किए। दिव्यांग बच्चों के प्रति उनका स्नेह वाक़ई में काबिले तारीफ़ था। यूनिवर्सिटी स्टाफ एवं छात्र छात्राओं के साथ बिताये पल मंथन स्पेशल स्कूल के बच्चों के लिए हमेशा यादगार रहेंगे। इस अवसर पर मंथन संस्थापक डॉ० पीयूष गोस्वामी ने बताया कि मंथन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है और यह तभी संभव हो पाएगा जब समाज इन बच्चों को निस्वार्थ भावना से स्वीकार करेगा और इसका एक अच्छा उदाहरण नयी पीढ़ी ने पेश किया। उन्होंने कार्यक्रम संयोजक कुणाल चौहान एवं उनके सहयोगी अदिति, मनोहर, रचित, श्रद्धा, स्मक्षी, जतिन, तन्वी एवं समस्त प्रतिभागियों को इस अनूठी पहल एवं आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर मीर, विशेष शिक्षक शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, अंकित सेन, कुलदीप यादव एवं बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों की सेवा अद्भुत अनुभूति का सुखद एहसास है : अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )**। लायंस क्लब बहरोड किंग द्वारा शनिवार को सेवा सप्ताह पंचानन के तहत छठे दिन दिव्यांग सहायता कार्यक्रम के तहत आज मंथन स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों हेतु दो कक्षा कक्षो का फर्नीचर भेंट किया गया इस अवसर पर क्लब के मेंबरशिप कमेटी अध्यक्ष लायन प्रमोद अग्रवाल ने दिव्यांग बच्चों स्कूल के स्टाफ विकल्प सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा की दिव्यांगों की सेवा एक अद्भुत अनुभूति का सुखद अहसास कराती है क्लब को पूर्व में भी कई बार स्पेशल स्कूल के स्पेशल बच्चों से मिलने का उनकी




सेवा करने का अवसर प्राप्त होता रहा है और यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि हमें ईश्वर ने उनकी सेवा करने के लिए चुना है जब भी अवसर मिलेगा हम अपनी क्षमता अनुसार सदैव उपस्थित रहेंगे वहीं मंथन फाउंडेशन की सचिव डॉ सविता गोस्वामी व पियूष गोस्वामी के द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान की सराहना की । क्लब की प्रेरणा से मंथन फाउंडेशन की नवगठित शहर इकाई अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी की तरफ से फर्नीचर व सभी विद्यार्थियों को स्नैक्स के पैकेट भेंट किये गये इस कार्यक्रम में मंथन स्पेशल स्कूल की पदाधिकारी की ओर से क्लब के सभी उपस्थित सदस्यों का माल्यार्पण व दुपट्टा बैठकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया इस अवसर पर दिव्यांग बालकों ने अपनी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की । कार्यक्रम में कर्मवीर मीर अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला मुख्य संयोजक एमजीएफ लायन दिनेश अग्रवाल संयोजक लायन पंकज जयसवाल राकेश अग्रवाल राकेश गोयल प्रदीप गोयल संदीप अग्रवाल बुध सिंह यादव आलोक अग्रवाल निर्मल कौशिक आदि अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# झूला पाकर खिले दिव्यांग बच्चों के चेहरे



**एनसीआर संदेश**

**अलवर**। बहरोड़ के मंथन स्पेशल स्कूल में मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मासिक मंथन दिव्यांग सारथी श्रुति तथा पवन द्वारा उनके पुत्र गौरिक का जन्मदिवस मनाया गया। मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि श्रुति का इन दिव्यांग बच्चों से विशेष लगाव है तथा मंथन को सतत उनका सहयोग मिलता रहा है। अपने बेटे के जन्मदिन को विशेष बनाने हेतु उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए संस्था को एक झूला भेंट किया , जिसे पाकर बच्चे उत्साह से झूम उठे। साथ ही केक काटकर एवम मिठाई वितरित कर अपनी खुशियां इन विशेष बच्चों के साथ बांटी। इस सराहनीय पहल हेतु डॉ. सविता गोस्वामी, कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, अंकित सेन सहित समस्त बच्चों ने दानदाता का धन्यवाद ज्ञापित किया व गौरिक की लंबी उम्र व उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

# नवरात्र में जन्मी नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया



**बहरोड़, 18 अक्टूबर ( निसं )।** मंथन फॉउंडेशन चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को सेवा के क्षेत्र में आठ वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष्य में इतने वर्षों के सफर को संजोने के लिए सेवा प्रकल्प श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। मंथन फाउंडेशन राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि श्रृंखला की द्वितीय सेवा जिला अस्पताल बहरोड़ में 37वां कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर की गई।

कार्यक्रम के तहत अस्पताल में नवरात्रों के पवित्र दिनों में जन्मी 11 नवजात कन्याओं को उपहार देकर व नजरिया बांध कर उनके जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि यादव, डॉ. प्रियंका यादव, होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. नेहा गुप्ता ने शिरकत की। साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरोड़ीमल द्वारा बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अतिथियों द्वारा मंथन के बेटा और बेटी के बीच के भेदभाव को मिटाने के इस प्रयास की प्रशंसा की गई एवं इस प्रयास को प्रेरणादायक व अद्वितीय बताया गया।

गौरतलब है कि मंथन द्वारा यह अभियान गत साढ़े पांच वर्षों से निरंतर जारी है। जिनमें अब तक 354 कन्याओं के जन्म की खुशियां मनाई जा चुकी हैं। साथ ही इस अभियान के सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले हैं। मंथन की प्रेरणा से अब बेटी पैदा होने पर भी कुआं पूजन कार्यक्रम आयोजित होने लगे है। जन्मोत्सव के दौरान मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव, बहरोड़ इकाई अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी, देवेंद्र निमोरिया, नम्रता यादव, अंकित सैन तथा अस्पताल स्टॉफ से चंद्रकला, निर्मला, श्वेता, निर्मला देवी, यशोदा अर्चना सहित बच्चियों के परिवारजन तथा अन्य उपस्थित रहे।

धार्मिक आयोजनों से बढ़ता आपसी सामंजस्य

बहरोड़/कोटपूतली भास्कर
10-12-2023



बहरोड़. मंथन कार्यशाला के दौरान छात्राओं का सम्मान करते हुए।

# छात्राओं को स्वास्थ्य की जानकारी दी

बहरोड़| मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नम्बर तीन में मेंस्ट्रुएशन एंड हाईजीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने छात्राओं को मासिक धर्म के समय होने वाले स्वाभाविक बदलावों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए। कार्यक्रम [illegible]

# स्वीप के अंतर्गत दिव्यांग मतदान जागरूकता अभियान का किया आयोजन

बहरोड़( ओम भास्कर ब्यूरो )निर्वाचन विभाग राजस्थान एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में गुरुवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं मंथन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग मतदाता एवं मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मंथन सचिव डॉ० सविता गोस्वामी ने बताया कि हर बार की तरह इस बार



भी मंथन मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया इस बार स्वीप ऐक्टिविटी में दिव्यांग मतदाता जागरूकता के लिए "माई वाइस टू" थीम पर चर्चा की गयी। जिसमें सभी दिव्यांग मतदाताओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरुक किया गया।साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव को संविधान के उत्सव के रूप में बनाकर शत प्रतिशत मतदान की अपील जी गयी। हर बूथ पर दिव्यांगजन के उपलब्ध सुविधाओं जैसे व्हील चेयर, रेंप, सहायक को साथ ले जाने की अनुमति आदि विषय पर भी जानकारी दी गई। वहीं ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह यादव ने भी सभी दिव्यांगों को मतदान की अपील करते हुए कहा कि मतदान न केवल हर दिव्यांग का हक है बल्कि दिव्यांग सशक्तिकरण एवं अपनी बातों को सरकार तक पहुँचाने का जरिया भी है। अंत में डॉ. गोस्वामी द्वारा सभी को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सहायक लेखाधिकारी कुलदीप कुमार यादव, सूचना सहायक सुमित यादव, कनिष्ठ सहायक शशिकांत, मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, दारासिंह, संदीप चनानिया, हंसराज एवं काफी मात्रा में दिव्यांगजन व युवा उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

आयुष-अंतिमा नेटवर्क




**बहरोड़ ( विपिन शर्मा )**। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित स्वीप एक्टिविटी के अंतर्गत मंगलवार को मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था सचिव डॉ.सविता गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि बहरोड़ विधानसभा के आगामी चुनावों में शत प्रतिशत मतदान हेतु मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने नुक्कड़ नाटक की रंगारंग प्रस्तुति देकर आमजन को प्रेरित किया। साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाकर तथा चित्रकला के माध्यम से लोगों का अधिकाधिक मतदान हेतु आह्वान किया एवम अपने आस पास के दिव्यांगजन को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने में सहयोग का अनुरोध किया। विशेष बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ मतदान जागरूकता के नारे लगाए एवं संबंधित गानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। तत्पश्चात मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा मुख्य बाज़ार में आमंत्रण पत्र एवं पीले चावल देकर आने वाली 25 नवम्बर को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मतदान के लिए जागरूकता लाने के अनूठे प्रयासों की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में मंथन संस्थापक डॉ.पीयूष गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, अंकित सेन, कुलदीप यादव, शकुंतला यादव, लक्ष्मीकंवर सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण एवं दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
बहरोड़/कोटपूतली भास्कर
22-11-2023

# नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरुकता का संदेश दिया

बहरोड़। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट सदस्यों ने मंगलवार को निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। संस्था सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए दिव्यांग बच्चों ने नुक्कड़ नाटक की रंगारंग प्रस्तुति देकर आमजन को प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाकर तथा चित्रकला के माध्यम से लोगों का अधिकाधिक मतदान करने का आह्वान किया। दिव्यांगजन को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने में सहयोग करने की मांग रखी। बच्चों ने उत्साह के साथ मतदान जागरूकता के नारे लगाए एवं संबंधित गानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। इस दौरान मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, अंकित सेन, कुलदीप यादव, शकुंतला यादव, लक्ष्मीकंवर सहित बड़ी संख्या में लोग एवं दिव्यांग बच्चे मौजूद रहे।

# बहरोड़ इकाई के प्यारे लाल बने अध्यक्ष



**बहरोड़, @ पत्रिका.** मंथन फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने रविवार को बहरोड़ स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। जिसमें दो नवीन इकाइयों का गठन किया गया। मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता गोस्वामी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा। बहरोड़ इकाई के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए प्यारेलाल सैनी, सचिव पद के लिए अंकित शर्मा, उपाध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार यादव व रामसिंह मौरोडिया को दायित्व सौंपा गया। वही अभय सिंह फौजी व अमर सिंह को संरक्षक तथा संजय मीर को संयोजक का पदभार दिया गया। नीमराणा इकाई के लिए नवीन गुरु को अध्यक्ष एवं दीपक सिंह चौहान को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया।

राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि गत आठ वर्षों से मंथन हर सामाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी रही है। इस विषय पर सदस्यों के विचार लेकर शीघ्र ही अमल किया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों के अतिरिक्त सदस्य अंकित सेन, कुलदीप यादव, देवेंद्र निमोरिया, संदीप यादव, मनोज कुमार, पूजा चौहान आदि उपस्थित रहे।

पहुंचता है तो उसे जमीनी दर्द का बहुत रिलेटेड साइबर स्पेशलिस्ट को तैयार करता तमाम फैशन शो के कार्यक्रम , तमिल करं

# दिव्यांगों ने भी बढ़ाया पर्यावरण संरक्षण में हाथ






**वी.पी.मीणा बहरोड।** सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक कर्मवीर यादव मीर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत हमे सर्वाधिक ऑक्सीजन देने वाले पीपल के वृक्ष की पूजा कर किया गया। तत्पश्चात मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में आ रहे बच्चों के अभिभावकों को छायादार पेड़ो से वृक्षारोपण कर भेंट की गई। साथ ही उसकी देखभाल का संकल्प दिलाया गया। वहीं डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि वृक्ष के साथ साथ पक्षी भी पर्यावरण का अभिन्न अंग है तथा पर्यावरण से ही हमारा अस्तित्व है। इस शुभदिवस पर पक्षियों के लिए परिण्डे भी लगाए गए, उन्हे दाना डाला गया, एवम घोंसले बनाए गए। पर्यावरण संरक्षण के इस कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष कर्मवीर मीर, विशेष शिक्षिका शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, अंकित सैन, प्रियंका गुप्ता, चिन्मयी गोस्वामी, केशवी गोस्वामी, लक्ष्मीकवर, दीक्षा, शकुंतला, रेखा सहित दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

# मंथन की आठ वर्षों की सेवा का प्रतिफल, सुधरने लगा दिव्यांग बच्चों का जीवन

## शिक्षक अभिभावक मीटिंग में अभिभावकों ने साझा की सकारात्मक प्रतिक्रिया

❐ आयुष-अंतिमा नेटवर्क



**बहरोड़ (विपिन शर्मा)।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क विद्यालय मंथन स्पेशल स्कूल में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य एवम मंथन संस्थापक डॉ.पीयूष गोस्वामी ने बताया कि मंथन स्पेशल स्कूल में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अर्धवार्षिक मूल्यांकन में बच्चों द्वारा दिए गए शानदार प्रदर्शन को अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए तथा नवीन विचारों पर चर्चा करने हेतु शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। संस्था के लिए हर्ष का विषय यह रहा कि सभी अभिभावक बच्चों में हो रहे सकारात्मक बदलाव को लेकर काफी खुश तथा संतुष्ट नजर आए तथा रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चों के चेहरे भी आत्मविश्वास से भरे दिखाई दिए। अभिभावकों ने बताया कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों में सामाजिक तथा व्यवहारिक बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं। विद्यालय में उन्हें पैसों की पहचान, आचरण, लेनदेन करना, समाज से जुड़ना इत्यादि प्रशिक्षण भी अच्छे से देकर सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। गौरतलब है कि 17 अक्टूबर 2015 को मंथन की शुरुआत की गई थी, जिसकी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उसी श्रृंखला में इस बैठक का भी आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट सचिव डॉ.सविता गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, विशेष शिक्षिका शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, अंकित सैन, कुलदीप यादव, अभिभावकों में मनोज कुमार सैनी, बृजेश कुमार, कृष्णा, चंद्रकला, ममता मोदी, जैनी, सुमन, खुशबू, मुस्कान, दीक्षा, बंदना सहित अन्य अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

# जवानों की कलाई पर दिव्यांग बच्चों ने बांधा रक्षासूत्र



**बहरोड़ @ पत्रिका.** क्षेत्र के सीआईएसएफ सेंटर पर गुरुवार को मंथन स्पेशल स्कूल के बच्चों ने रक्षाबंधन का त्योहार स्नेह व सम्मान के साथ मनाया। सेंटर पर वरिष्ठ कमांडेंट एम के वर्मा की अनुशंसा पर दिव्यांग बच्चों ने राखियां व अन्य सजावट के सामान की प्रदर्शनी लगाई।

इसके बाद जवानों को रक्षासूत्र बांधा गया। वहीं रक्षासूत्र बांधने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि मंथन स्पेशल स्कूल में बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से बच्चों को पूर्व व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसी क्रम में रक्षाबंधन के अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने राखियां एवं अन्य सजावट का सामान बनाया गया था,जिसकी प्रदर्शनी सेंटर में लगाई गई जहां पर कमांडेंट व अन्य अधिकारीगण एवं जवानों सराहना की। इस अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट बीएल सोलंकी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव,दिव्यांग बच्चे नेहा, ध्रुव,खुशबू, मुकुल,सुमित, हर्ष सहित जवान उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश




**एनसीआर संदेश**

**बहरोड़।** राजस्थान सरकार द्वारा 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत सुगम, सरल एवम सुरक्षित यातायात व्यवस्था संचालन हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान में अपनी भूमिका निभाते हुए शुक्रवार को मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि कोटपुतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक रंजिता शर्मा के निर्देशानुसार तथा बहरोड़ डीएसपी तेज पाठक की आज्ञा से आमजन को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने के हेतु पुराने बस स्टैंड स्थित तिराहे पर मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसमें बच्चों ने ढोलक बजाकर, गा कर तथा नारों के माध्यम से आने जाने वाले लोगों को हेलमेट का उपयोग करने, शराब पी कर गाड़ी ना चलाने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल के अनुसार गाड़ी चलाने सहित सड़क सुरक्षा के विभिन्न नियमों का पालन करने का संदेश दिया। साथ ही दिव्यांग व वृद्धजन यदि सड़क पार कर रहें हो तो गाड़ी की स्पीड पर संयम रखते हुए उनका सहयोग करने की अपील की ।

इस दौरान बहरोड़ थानाधिकारी बनवारी लाल, एचएम कृष्ण कुमार, सिग्मा कांस्टेबल रोशन लाल, महिला कांस्टेबल सुशीला देवी, समाजसेवी कपिल खंडेलवाल, मंथन फाउंडेशन से शालिनी शर्मा, अंकित सैन, कुलदीप यादव, सुमित, मुकुल, विराट, नेहा, दीपिका, राहुल, सोनू सहित दर्शकगण उपस्थित रहे।

राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

# गणतंत्र दिवस समारोह–2024

## प्रशस्ति–पत्र

श्री/सुश्री/श्रीमती....डा० सविता गोस्वामी (सचिव)....

सुपुत्र/सुपुत्री/श्रीमती/श्री....विद्यालय/कार्यरत/निवासी....संपन्न फाउन्डेशन चेरिटेबल ट्रस्ट बहरोड़

को....दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु....क्षेत्र में सराहनीय कार्य करनेके उपलक्ष्य में

उपखण्ड प्रशासन बहरोड़ की ओर से यह प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है।

हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

स्थानः- बहरोड़ (कोटपुतली-बहरोड़)

दिनांक 26 जनवरी 2024

सचिन यादव

(RAS)

उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट, बहरोड़

# मंथन फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट बहरोड़ को मिला समाज रत्न राष्ट्रीय पुरस्कार



**बहरोड़, 21 अगस्त (निसं)।** मंथन फाउंडेशन चौरिटेबल ट्रस्ट बहरोड़ को रविवार को भेरौसिंह शेखावत सभागार जयपुर में राजस्थान जनमंच ट्रस्ट एवं पक्षी चिकित्सालय जयपुर द्वारा परमार्थ समिति के सहयोग से आयोजित सम्मान समारोह में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, रिहैबिलिटेशन, सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज रत्न राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान मंथन के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता, सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को समर्पित है। जिनके अथक प्रयासों से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

वहीं मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर ने बताया कि राठ क्षेत्र के लिए यह सम्मान एवं गौरव का विषय है। समाज रत्न पुरस्कार के लिए देश भर से 423 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। जिसमें से चुनी हुई 25 संस्थाओं का सम्मान किया गया।

गौरतलब है कि मंथन द्वारा सैकड़ों दिव्यांग बच्चें लाभान्वित हो चुके हैं। जो चल नही पाते थे फिजियोथैरेपी की सहायता से चलने लगे हैं, बोल नहीं पाते थे स्पीच थैरेपी और ऑक्यूपेशनल थैरेपी की सहायता से बोलने लगे हैं, सामान्य स्कूल में पड़ नहीं पाते थे, विशेष शिक्षा द्वारा आज समाज की मुख्य धारा से जुड़ चुके हैं। आगे भी मंथन के ये प्रयास जारी रहेंगे।

संस्था की और से मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, एकता मीर तथा राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने यह सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में देश विदेश में ख्याति प्राप्त कर चुके राकेश विश्वास ने शोभा बढ़ाई तथा भगवान गट्टानी, अभय नाहर, आर. के. अग्रवाल, श्याम विजय, डॉ. ए.के ऋषि उपस्थित रहे। मंच संचालन पक्षी चिकित्सालय संस्थापक कमल लोचन द्वारा किया गया।

रखा यादव ,जितेंद्र, रविंद्र शर्मा, ममता, गरिबा, रंजना, जातराम, हिमानी, प्रिया आदि मौजूद रहे।

# शहीद दिवस एवं होली मिलन समारोह आयोजित

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

बहरोड़। दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित मंथन स्पेशल स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही शहीद दिवस भी मनाया गया। संस्था सचिव डॉ० सविता गोस्वामी ने बताया कि आज के ही दिन स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, शिवराम राजगुरु, सुखदेव थापर को अंग्रेजों ने फाँसी पर लटका दिया था। इन तीनों स्वतंत्रता सैनानियों ने स्वतंत्रता संग्राम में एक अहम भूमिका निभाई और आजादी का बिगुल बजाया। निश्चित ही इन तीनों की शहादत ने भारत के बच्चे बच्चे में स्वंत्रता पाने का जोश भर दिया था। वहीं मंथन स्पेशल स्कूल में रंगों के त्योहार होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां दिव्यांग बच्चों ने अबीर, गुलाल और फूलों से जमकर होली खेली एवं गानों पर जमकर थिरके और मिठाई का आनंद लिया।संस्थापक डॉ० पीयूष गोस्वामी ने होली के त्योहार का महत्व समझाते हुए सभी को धर्म जाति रंग रूप के भेदभाव को भुलाते हुए साथ रहने का संदेश दिया साथ ही उन्होंने दिव्यांगों को भी समान हक दिलवाने के प्रयासों में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में अतिथि रूप में वाइस प्रेसिडेंट एचडीएफसी बैंक गुरुग्राम प्रशांत गोयल, बहरोड़ कोर्ट पीए रोहित कुमार जैन, एकता मंच बहरोड़ से भावना गुप्ता, पूजा गुप्ता, मंथन फाउंडेशन से संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी,उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, भावना अग्रवाल, वंशीता गोयल, रेणु गोयल, विशेष शिक्षक अंकित सैन, नम्रता यादव, शालिनी शर्मा, कुलदीप यादव, सरिता यादव सहित दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



# मंथन स्पेशल स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी पर्व

**एनसीआर संदेश**



**अलवर**। दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित मंथन स्पेशल स्कूल बहरोड़ में मंगलवार को शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। मुख्य अतिथि सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद दिव्यांग बालिकाओं ख़ुशबू, दीपिका एवं नेहा द्वारा गुरु वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही मंथन स्पेशल स्कूल एवं रीहैबिलिटेशन सेंटर में कार्यरत शिक्षकों का मुख्य अतिथि गजराज सिंह यादव एवं अकाउंटेंट कुलदीप द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल की और से भाग लेने वाले छात्र छात्राओं का भी सम्मान किया गया। साथ ही दिव्यांग बच्चों एवं अतिथियों के साथ जन्माष्टमी पर्व भी मनाया गया। जिसमें दिव्यांग बालक बालिकाएँ कृष्ण, राधा के मन मोहक रूप में नज़र आए। दिव्यांग बच्चों के साथ हांडी फोड़ प्रतियोगिता भी कराई गई।

मुख्य अतिथि ने मंथन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया एवं मंथन द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में संचालित कार्यों के सराहना की। इस दौरान सचिव डॉ॰ सविता गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, विशेष शिक्षक अंकित सैन, शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने दिया सड़क सुरक्षा नियमों की पालना का संदेश

आयुष-अंतिमा नेटवर्क



**बहरोड़ (विपिन शर्मा)।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा शहर के मुख्य चौराहे पर स्थित यातायात पुलिस सहायता केंद्र पर नुक्कड़ नाटक द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की पालना का संदेश दिया गया। दिव्यांग बच्चों ने नाटक के माध्यम से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल की पालना करने, शराब पीकर वाहन ना चलाने, चौपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन को निर्धारित गति पर ही चलाने आदि संदेश दिये। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि यदि यातायात के नियमों की पालना ना की जाए तो यह ना केवल दुर्घटना का कारण बन सकता है बल्कि जानलेवा भी हो सकता है और हंसते खेलते परिवार की खुशियाँ एक पल में खत्म हो सकती हैं। इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ.सविता गोस्वामी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्रीमती रंजिता शर्मा एवम डीएसपी तेज पाठक के निर्देशानुसार आमजन को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु सुगम, सरल एवम सुरक्षित यातायात व्यवस्था संचालन हेतु पुलिस मुख्यालय सघन अभियान चलाया जा रहा है, जो कि पुलिस प्रशासन की एक सकारात्मक पहल है। इस तरह के कार्यक्रमों से आमजन विशेष रूप से युवा वर्ग में जागरूकता आयेगी। साथ ही डॉ.गोस्वामी ने आमजन को भी सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की पालना कर अपने उत्तरदायित्व का वहन करने एवं दिव्यांग व वृद्धजन यदि सड़क पार कर रहें हो तो गाड़ी की स्पीड पर संयम रखते हुए उनका सहयोग करने की अपील की। इस दौरान दिव्यांग बच्चों सहित मंथन संस्थापक डॉ.पीयूष गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, अंकित सैन, कुलदीप यादव, एएसआई इंद्रमणी ट्रैफिक इंचार्ज, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार पुलिस थाना बहरोड़ मय पुलिस जाप्ता उपस्थित रहे।


II OM GURU OM II
मंथन स्पेशल स्कूल

# माताओं को सम्मानित किया




बहरोड़. कंचन वाटिका में माताओं का सम्मान करते अतिथि।

**बहरोड़|** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम कंचन वाटिका में आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान सिंह यादव, अति विशिष्ट अतिथि संतोष देवी चेरिटबल ट्रस्ट सचिव डा. शानू यादव, मोनिका भारती ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में 50 बच्चों की माताओं को सम्मानित किया एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी, डॉ. पीयूष गोस्वामी, कर्मवीर यादव, अभय सिंह फौजी, नवीन यादव, लोकेश यादव, नरेंद्र, वंदना आरसी यादव, वरुण यादव, सुषमा गोस्वामी, लाला मीर, बसंती यादव, अमित यादव, प्रियंका गुप्ता, रेखा गोयल, भीम यादव, सरिता, शालिनी शर्मा, नम्रता यादव, अंकित सैन, दीपक सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन पं अशोक बोहरा ने किया।

दैनिक भास्कर
बहरोड़/कोटपूतली भास्कर
19-11-2023

# बच्चों को मोमबत्ती बनाना सिखाया

बहरोड़| मंथन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित स्पेशल स्कूल में एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के बच्चों द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया। दिव्यांग बच्चों को मोमबत्ती बनाना सिखाया गया। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी से उन्नत भारत अभियान के कॉर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. गुरेन्द्र नाथ भारद्वाज ने बताया कि यह योजना मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय की अनुपम पहल है। यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी रैनी वार्ष्णेय, हिमांशु राठी, सुहाना मिश्रा, निधर्षना ने बच्चों को मोमबत्ती बनाने की ट्रेनिंग दी। संस्था सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यशाला में उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, अंकित सेन, कुलदीप यादव, एकता यादव, सरिता यादव, डॉ. पीयूष गोस्वामी समेत दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।

# उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के बच्चों ने दिव्यांग बच्चों को सिखाया मोमबत्ती बनाना

एनसीआर संदेश



**अलवर।** मंथन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित स्पेशल स्कूल में एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के बच्चों द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया एवं दिव्यांग बच्चों को मोमबत्ती बनाना सिखाया गया। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी से उन्नत भारत अभियान के कॉर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. गुरेन्द्र नाथ भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय की अनुपम पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के वयस्क बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रोज़गार के अवसर प्रदान करना है। यूनिवर्सिटी से आये हुए विद्यार्थी रैनी वार्ष्णेय, हिमांशु राठी, सुहाना मिश्रा, निधर्षना ने बच्चों को मोमबत्ती बनाने की ट्रेनिंग दी जिसे बच्चों ने अच्छे से सीखा और ख़ुद करके भी देखा। संस्था सचिव डॉ० सविता गोस्वामी ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कार्यशाला के ज़रिए बच्चों में न केवल आत्मविश्वास में वृद्धि हुई बल्कि आत्मनिर्भर बनाने की और एक नया कदम है। कार्यशाला में उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, अंकित सेन, कुलदीप यादव, एकता यादव, सरिता यादव, डॉ. पीयूष गोस्वामी समेत दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।

# विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस

# जागरूकता से उम्मीद के कदम

**( आयुष अंतिमा नेटवर्क )**

सेरेब्रल पाल्सी एक प्रकार का न्यूरो-मोटर डिसऑर्डर है, जिससे प्रभावित व्यक्ति को चलने-फिरने, बोलने और अपने दैनिक जीवन के क्रियाकलापों को पूरा करने में बाधा का सामना पड़ता है। जो अधिकतर बच्चों में डिलीवरी और प्रेगनेंसी के समय होने वाले कॉम्प्लिकेशन के फलस्वरूप आता है, जिसमें बच्चों के मस्तिष्क में ऑक्सीजन की आपूर्ति ना होने के कारण मस्तिष्क का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है, जिसके फलस्वरूप इस प्रकार की दिव्यांगता आती है, क्यूँकि सेरेब्रल पाल्सी का सीधा संबंध मस्तिष्क से है। जिस कारण से इससे प्रभावित व्यक्ति में मिर्गी एवं मानसिक मंदता की समस्या भी देखने को मिलती है।

**पहचान:** डिलेड माइल स्टोन सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चे गर्दन सम्भालना, बैठना, खड़े होने, चलने और बोलने में देरी करते हैं, साथ ही बच्चों में मुँह से लार गिरना एवं कुछ बच्चों में मिर्गी की समस्या भी देखने में आती है।

**जाँच:** वैसे तो सेरेब्रल पाल्सी की बहुत सी जाँचे हैं पर अधिकतर मस्तिष्क की सीटी स्कैन की जाँच से इसका पता लगाया जा सकता है। इसके अलावा एमआरआई, ईईजी और बेरा टेस्ट की ज़रूरत भी पड़ सकती है।

**रिहैबिलिटेशन:** यूँ तो सेरेब्रल पाल्सी एक नोन प्रोग्रेसिव दिव्यांगता है, अत: दिव्यांगता की सही समय पर पहचान के साथ ही बच्चों के रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया को शुरू कर देना चाहिये, जिसमें फ़िज़ियोथेरेपी और विशेष शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसमें बच्चों की मसल्स की स्टीफ़नेस को फ़िज़ियोथेरेपी एक्सरसाइज एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी की मदद से कम किया जाता है एवं सहायक उपकरणों के माध्यम से



**डॉ.पीयूष गोस्वामी**
**( संस्थापक )**
संस्थापक मंथन फाउंडेशन, बहरोड़

बच्चों को दैनिक जीवन के कार्य को निष्पादित करने की ट्रेनिंग भी दी जाती है।



## क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

**डॉ.देवेंद्र देव:** वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, जलि अस्पताल बहरोड़- सेरेब्रल पाल्सी दिव्यांगता के बहुत अधिक केस सामने आ रहे हैं। सरकार द्वारा ऐसे व्यक्तियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। जिससे उन्हें इलाज, सहायक उपकरण, रेल एवं बस पास के साथ ही शिक्षा और नौकरी में रिजर्वेशन जैसी सुविधाओं का लाभ मिलता है। फ़िज़ियोथेरेपी सेरिब्रल पाल्सी के लिए काफ़ी कारगर सिद्ध होती है।

**डॉ.सुम्मी यादव:** वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ- इस दिव्यांगता का मुख्य कारण लोगों में जागरूकता की कमी है। अधिकतर महिलाएँ एवं परिजन नार्मल डिलीवरी के लिए डॉक्टर्स को फ़ोर्स करते हैं या ऐसे अस्पताल में डिलीवरी करवाते हैं, जहां एनआईसीयू जैसी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण नवजात शिशु को इमरजेंसी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो पाती एवं आगे चलकर बच्चा और परिवारजन दोनों को समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बच्चे की डिलीवरी के लिए ऐसे सरकारी या प्राइवेट अस्पताल का ही चयन करना चाहिए, जहां सभी सुविधाएँ उपलब्ध हों। जिससे बच्चे को सही समय पर इलाज मिल सके और बड़ी समस्या से बचा जा सके।

**डॉ.अनिल जसवाल:** वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ- सेरेब्रल पाल्सी का बढ़ता प्रतिशत हम सभी के लिए चिंता का विषय है। अधिकतर बच्चे डायग्नोसिस के बाद हम तक पहुँचते हैं पर इसका कारण डिलीवरी के समय हुई लापरवाही ही होती है। सेरिब्रल पाल्सी में बच्चों की मसल्स स्टिफ हो जाती हैं, साथ ही गतिशीलता के अभाव में बच्चों की हड्डियाँ भी कमजोर हो जाती हैं, जिससे फ्रैक्चर के चांसेज भी बढ़ जाते हैं। ऐसे में बच्चों की मसल्स स्टीफ़नेस को कम करने एवं हड्डियों को मज़बूत करने के लिए दवाइयों का प्रयोग किया जाता है एवं कई बार करेक्शन सर्जरी की भी आवश्यकता पड़ती है।

**डॉ.दिनेश यादव:** बाल रोग विशेषज्ञ- सेरेब्रल पाल्सी एक ऐसी दिव्यांगता है, जिसका संपूर्ण इलाज संभव नहीं है, ऐसे में बचाव पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह दिव्यांगता किसी भी उम्र में आ सकती है पर सबसे अधिक शिकार बच्चे ही होते हैं क्यूँकि वो बोलकर अपनी परेशानी नहीं बता पाते। कई केसेज में सामने आया है कि स्वस्थ बच्चे किसी लंबी बीमारी, दिमाग़ी बुख़ार या चोट के बाद सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित हो जाते हैं। ऐसे में शिशुओं को बेड पर से गिरने अथवा अन्य चोट से बचाना चाहिए और किसी भी बीमारी में बिना लापरवाही के योग्य चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए एवं झाड़फूंक, झोलाछाप डॉक्टर से बचना चाहिए।

**डॉ.पीयूष गोस्वामी:** संस्थापक एनजीओ मंथन फाउंडेशन- मंथन फाउंडेशन द्वारा बहरोड़ में संचालित रेहबिलिटेशन सेंटर एवं स्पेशल स्कूल सेरिब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चों और उनके अभिभावकों के जीवन में उम्मीद की किरण है। जहां बच्चों को फ़िज़ियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, सहायक उपकरणों और स्पेशल एजुकेशन की मदद से ना केवल दैनिक जीवन के क्रियाकलापों को कर पाने की ट्रेनिंग दी जाती है बल्कि शिक्षा एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़कर सशक्त एवं संबल बनाया जाता है। संस्था द्वारा गत 8 वर्षों में सेरिब्रल पाल्सी के 168 बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं।

# समारोह में 101 दिव्यांगों को किया सम्मानित



**बहरोड़.** दिव्यांग बच्चों के साथ अन्य लोग।

**बहरोड़ @ पत्रिका.** कस्बे में एक मैरिज गार्डन में शुक्रवार को मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंथन फाउंडेशन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि मंथन की ओर से ज़िला कोटपूतली-बहरोड़ के दिव्यांगों को संगठित करने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनिल दोसोदिया ने सभी दिव्यांगों का उत्साह वर्धन करते हुए अपने अनुभव साझा किए। समारोह में मुख्य अतिथि परमार्थम दिव्यांग संस्थान अलवर के अध्यक्ष अशोक नागर ने बताया कि दिव्यांग होना एक चुनौती है और उन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया और आज इस स्तिथि में आ पहुंचे कि वो अन्य दिव्यांगों की सहायता कर पाने में सक्षम हैं। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ गुरेन्द्र नाथ भारद्वाज ने स्किल ट्रेनिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे दिव्यांग घर बैठे या सेल्फ हेल्प ग्रुप के ज़रिए आजीविका कमा सकते हैं। वहीं राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्टेट के पैरा ओलंपिक खिलाड़ी हरीश और सुभाष ने दिव्यांगों को खेल में अवसरों के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम में 101 दिव्यांगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाबूलाल, मूलचंद यादव,भवानी शर्मा,दीपा देवी,डॉ रामकिशोर, कमलेश प्रजापत, दारा सिंह,मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव,अंकित सैन,भीम यादव, कुलदीप यादव,शालिनी शर्मा, नम्रता यादव समेत अनेक दिव्यांग उपस्थित रहे।